मुख्य अभियंता का कार्यालय,
(योजना+अनुश्रवण+भूगर्भ) लघु जल संसाधन विभाग, पटना,
जल भवन, तृतीय तल, राईडिंग रोड शेखपुरा, पटना–800014

ईमेल– ce.pmg-bih@gov.in दूरभाष–0612–2215035

संचिका सं0:–ल0ज0सं0(पी0एम0जी0)– 23/2021 /पटना, दिनांकः–

## कार्यालय आदेश (07)

विभागीय पत्रांक–सं0सं0/नि0प्र0/आरोप–27/2022, पत्रांक–21 दिनांक–02.01.2023 द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में संवेदक श्री धर्मेन्द्र कुमार, ग्राम–खुदौरी, पो0+थाना–हुलासगंज, जिला–जहानाबाद निबंधन सं0–ल0ज0सं0वि0–01/2019, श्रेणी प्रथम अवधि दिनांक–18.02.2019 से 17.02.2024 तक के विरूद्ध श्री अमरेन्द्र कुमार, राम कृष्ण नगर, पो0–न्यू जगनपुरा, जिला–पटना द्वारा दायर परिवाद में वर्णित तथ्यों की जॉच अधीक्षण अभियंता (मु0)उड़नदस्ता, लघु जल संसाधन विभाग, पटना द्वारा किए जाने के पश्चात अपने पत्रांक–412 दिनांक–28.10.2022 द्वारा जॉच प्रतिवेदन विभाग को समर्पित किया गया।

सम्प्रति विभागीय स्तर से उक्त जॉच प्रतिवेदन की समीक्षा में निम्नांकित तथ्य पाये गयेः–

1. श्री धर्मेन्द्र कुमार, संवेदक द्वारा लघु सिंचाई प्रमंडल, नवादा अंतर्गत निविदा आमंत्रण सूचना सं0–09/2021–22 के ग्रुप सं0–09 बुधवारा आहर–पईन सिंचाई योजना का पुर्नस्थापन कार्य हेतु निविदा डाली गई।
   इस कार्य की निविदा में उनके द्वारा लघु सिंचाई प्रमंडल, औरंगाबाद के पत्रांक–958 दिनांक–08.08.2021 द्वारा निर्गत अनुभव प्रमाण–पत्र संलग्न किया गया जो चापूक गांव में चेक डैम का निर्माण कार्य से संबंधित था।
   वस्तुतः उक्त वर्णित कार्य मध्य बिहार टेक्नोलोजी प्रा0 लि0 द्वारा कराया गया है। जिसका एकरारनामा–07F2/2021-22 है।
2. विष्णु विहार इंजीटेक एण्ड सर्विसेज प्रा0 लि0, फ्लैट न0–103, विद्याकुंज अपार्टमेन्ट आनंदपुरी/एस0के0 पुरी पटना–800013 द्वारा लघु सिंचाई प्रमंडल, कैमूर, मोहनियॉ अन्तर्गत निविदा आमंत्रण सूचना सं0–01/2022–23 के ग्रुप सं0–01, 14 अद्द नलकूपों के जीर्णोद्धार कार्य के लिए निविदा डाली गई।
3. इस कार्य की निविदा में BID Capacity को बढ़ाने के उद्देश्य से उनके द्वारा Exsiting commitment on going work को छुपाया गया जबकि लघु सिंचाई प्रमंडल, औरंगाबाद अन्तर्गत 07 अद्द नलकूपों के जीर्णोद्धार कार्य को पुरा नहीं किया गया है।
   उक्त से स्पष्ट है कि संवेदक द्वारा अभिलेखों से छेड़–छाड़ कर एवं तथ्या को छुपाकर गलत तरीके से निविदा प्राप्त करने का प्रयास किया गया है।
   अतः वर्णित परिस्थिति एवं संलग्न जॉच प्रतिवेदन से स्पष्ट है कि संवेदक द्वारा अभिलेखों से छेड़–छाड़ कर तथ्यों को छुपाकर गलत तरीके से निविदा प्राप्त किया गया है। जो बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली–2007 के प्रावधानों के तहत दंडनीय है।
   अतएव अधीक्षण अभियंता (मु0)उड़नदस्ता द्वारा समर्पित जॉच प्रतिवेदन एवं अधीक्षण अभियंता (मु0) अनुश्रवण के द्वारा उक्त जॉच प्रतिवेदन की समीक्षा/परामर्श एवं मंतव्य के आलोक में संवेदक श्री धर्मेन्द्र कुमार, ग्राम–खुदौरी, पो0+थाना–हुलासगंज, जिला–जहनाबाद, निबंधन सं0–ल0ज0सं0वि0–01 /2019 प्रथम श्रेणी (अवधि दिनांक–18.02.2019 से 17.02.2024 तक) को बिहार ठेकेदारी निबंधन नियमावली–2007 की कंडिका–(क) की उप कंडिका–VII में प्रावधानित नियमों के आलोक में तत्काल प्रभाव से अगले 10 (दस) वर्षो के लिए कालीकृत किया जाता है।

विश्वासभाजन

ह0/
प्रभारी मुख्य अभियंता
(योजना+अनुश्रवण+भूगर्भ),
लघु जल संसाधन विभाग, पटना।

D:\New folder - 2023 (S)\128.docx

पत्रांक— /पटना दिनांक—

प्रतिलिपि—श्री धर्मेन्द्र कुमार, ग्राम—खुदौरी, पो0+थाना—हुलासगंज, जिला—जहनाबाद को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/
प्रभारी मुख्य अभियंता
(योजना+अनुश्रवण+भूगर्भ),
लघु जल संसाधन विभाग, पटना।

पत्रांक— /पटना दिनांक—

प्रतिलिपि—सभी कार्य विभाग, बिहार, पटना के अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव, लघु जल संसाधन विभाग/पथ निर्माण विभाग/भवन निर्माण विभाग/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग/नगर विकास विभाग/ग्रामीण कार्य विभाग/बिहार पुल निर्माण निगम को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

ह0/
प्रभारी मुख्य अभियंता
(योजना+अनुश्रवण+भूगर्भ),
लघु जल संसाधन विभाग, पटना।

पत्रांक— /पटना दिनांक—

प्रतिलिपि—अधीक्षण अभियंता (मु0) अनुश्रवण/सभी मुख्य अभियता/सभी अधीक्षण अभियंता/सभी कार्यपालक अभियंता, लघु जल संसाधन विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/
प्रभारी मुख्य अभियंता
(योजना+अनुश्रवण+भूगर्भ),
लघु जल संसाधन विभाग, पटना।

पत्रांक— /पटना दिनांक—

प्रतिलिपि—प्रधान सचिव/सचिव/उप सचिव, लघु जल संसाधन विभाग, पटना को सूचनार्थ समर्पित।

ह0/
प्रभारी मुख्य अभियंता
(योजना+अनुश्रवण+भूगर्भ),
लघु जल संसाधन विभाग, पटना।

पत्रांक— 186 /पटना दिनांक— 14/03/2023

प्रतिलिपि—आई0टी0 मैनेजर, लघु जल संसाधन विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं विभागीय बेव साईट पर पत्र को अपलोड करने हेतु प्रेषित।

14/03/23

प्रभारी मुख्य अभियंता
(योजना+अनुश्रवण+भूगर्भ),
लघु जल संसाधन विभाग, पटना।

13/03/023

D:\New folder - 2023 (S)\128.docx